तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

10 मनरेगा गांधीजी के नाम करने व धान खरीदी...


12 नियमों की अनदेखी से बढ़ीं दुर्घटनाएं, हेलमेट...



## खबर संक्षेप

### नरहरपुर के नीरज का राष्ट्रीय कुश्ती में चयन



**सरोना।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन पहली बार छत्तीसगढ़ की मेजबानी में किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता फरवरी माह में रायपुर और बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। नरहरपुर के नीरज वट्टी का चयन कुश्ती खेल में 60 किलोग्राम वजन वर्ग में हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर रायपुर, नारायणपुर एवं बिलासपुर में 27 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है।

### यूजीसी एक्ट के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** यूजीसी के नए एक्ट के विरोध में 1 फरवरी को प्रस्तावित भारत बंद के समर्थन में नगर पंचायत बंद का आवेदन अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर को सौंपा गया। यह आवेदन स्थानीय प्रभावित समाज, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षरों के साथ प्रस्तुत किया गया। आवेदन में कहा गया है कि यूजीसी का नया एक्ट शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदायक है और इससे छात्रों व शिक्षकों के हित प्रभावित होंगे। बंद के माध्यम से सरकार का ध्यान इस जनविरोधी कानून की ओर आकर्षित करने की मांग की गई है।

### मंगहूर में खेल महाकुंभ फरवरी में 8 से 10 तक

**दुर्गुकोंदल।** नव युवक युवती समिति ग्राम मंगहूर बड़गांव ग्राम पंचायत मंगहूर, विकासखंड दुर्गुकोंदल के तत्वाधान में आगामी 08 से 10 फरवरी तक तीन दिवसीय ओपन महिला प्रो. कबड्डी एवं पुरुष वर्ग कबड्डी, वॉलीबाल व खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में खेल प्रेमियों एवं युवाओं में उत्साह का माहौल है। समिति द्वारा अत्यंत हर्ष के साथ सभी खिलाड़ी बंधुओं को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।
प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 16001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए प्रदान किया जाएगा। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 2,501 रुपए रखा गया है। पुरुष व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2501 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए प्रदान किए जाएंगे। पुरुष खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 2501 रुपए एवं तृतीय 1001 रुपए रहेगा।

# अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से एडीजे की कार क्षतिग्रस्त, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजूर से दुर्गूकोंदल मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही ने एक बार फिर गंभीर हादसा हो गया। देर रात जंगल के बीच हुई इस दुर्घटना में अपर सत्र न्यायाधीश पखांजूर सहित वाहन में सवार लोगों को चोटें आईं, जबकि सरकारी कार्य में प्रयुक्त कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद पुलिस ने बोलेरो टेंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार डीएसएफ आरक्षक मिथुन नेगी ने पखांजुर पुलिस को जानकारी दिया कि मैं ग्राम सेलेगांव, हाल निवास पखांजूर में रहता हूँ और मैं पेशे से वाहन चालक हूँ। उसने लिखित रिपोर्ट में बताया कि 27 जनवरी 2026 की रात्रि लगभग 11 से 11.30 बजे अपर सत्र न्यायाधीश, पखांजूर का वाहन मारुति सुजुकी क्रमांक सीजी 17 केजे 2180 चलाकर भानुप्रतापपुर से पखांजूर आ रहे थे। वाहन में उनके साथ एडीजे और एक कोर्ट मोहरीर संजय डहरे भी सवार थे। मेरा वाहन जैसे ही ग्राम हाहालद्दी के आगे जंगल मेन रोड पर पहुंचा, सामने से विपरीत दिशा में आ रही महिंद्रा बोलेरो ▶▶|शेष पेज 10 पर


फाईल फोटो

**हादसा पखांजूर-दुर्गूकोंदल मार्ग पर बीती रात की**

### एडीजे के चालक की शिकायत पर मामला दर्ज

*घटना के बाद पीड़ित चालक ठामेश सोनवानी ने थाना पखांजूर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उनके आवेदन के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 125(ए) के तहत बिना नंबरी अपराध कायम कर विवेचना में लिया, जिसे बाद में थाना दुर्गूकोंदल में असल नंबरी अपराध के रूप में पंजीबद्ध किया गया।*

**अपराध :** किसान के पास बैंक का आया नोटिस, धोखाधड़ी का तब हुआ खुलासा

# सरकारी योजना का सपना दिखाकर ठग ने किसान को फंसाया, 24 लाख रुपए ऐंठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बोर, बाउंड्री और खेत मरम्मत का झांसा देकर आरोपी ने बैंक से रकम निकलवाई
- आरोपी एक नहीं कई गांवों के ग्रामीण को बना चुका है शिकार

कोरर थाना क्षेत्र से खेती-किसानी के नाम पर की गई एक गंभीर और सुनियोजित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। बोर खनन, बाउंड्रीवाल निर्माण और खेत मरम्मत जैसे जरूरी कृषि कार्यों का झांसा देकर एक कथित एजेंट ने ग्रामीणों को सरकारी योजना का सपना दिखाया, बैंक से लाखों रुपये का लोन निकलवाया और पूरी राशि हड़प ली। पीड़ितों को तब सच्चाई का पता चला जब बैंक से नोटिस उनके घर पहुंचा। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भोडिया निवासी 43 वर्षीय किसान आनंद उसेण्डी पिता रामसाय उसेण्डी थाना कोरर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया ▶▶|शेष पेज 10 पर

### आरोपी पर धोखाधड़ी का दर्ज मामला

प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रथम दृष्टया भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) का अपराध घटित होना पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है और विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में बैंक दस्तावेजों, खातों के लेन-देन और अन्य पीड़ितों के बयान के आधार पर जांच की जा रही है।




### एचडीएफसी बैंक में खाता खुलाकर की धोखाधड़ी

शिकायत के अनुसार जुलाई 2023 में आरोपी ने प्रार्थी और उसके पिता को एचडीएफसी बैंक, कांकेर ले जाकर कागजातों पर हस्ताक्षर करवाए और उनके खातों से कुल 12,63,376 रुपये की राशि निकलवा ली। यह रकम आरोपी ने अपने पास रख ली और कहा कि इसी पैसे से खेत संबंधी सारे काम करवा दिए जाएंगे, लेकिन महीनों बीत जाने के बावजूद न तो बोर खनन हुआ, न बाउंड्रीवाल बनी और न ही खेत की मरम्मत कराई गई। करीब तीन महीने बाद आरोपी बिना बताए प्रार्थी के घर एक सोनालिका ट्रैक्टर लाकर छोड़ गया और कहा कि इसकी किश्त वह खुद चुकाएगा। छह महीने बाद बैंक से लोन की किश्तों का नोटिस आया, तब प्रार्थी और उसके परिवार को ठगे जाने का एहसास हुआ। आरोपी नोमेश कुंजाम द्वारा कुल 24,37,567 रुपये की राशि अलग-अलग ग्रामीणों से लोन और अन्य बहानों से हड़पने का आरोप है।

# कांकेर में चोरों का आतंक मुख्यमार्ग के शो रूम के सामने से बाइक पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




थाना कांकेर के क्षेत्र अंतर्गत मुख्य रोड बैंक ऑफ बड़ौदा के पास स्थित शो रूम के सामने से एक मोटरसाइकिल अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। यह घटना 27 और 28 जनवरी की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। शो रूम के संचालक की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

आमापारा कांकेर निवासी 35 वर्षीय निशांत परोथी ने पुलिस को बताया कि मेरा कांकेर मुख्य मार्ग पर शो रूम है और मोटरसाइकिल की खरीद-बिक्री का व्यवसाय करते हैं। मेरे दुकान के सामने 27 जनवरी की रात करीबन 8 बजे अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 07 बीएक्स 0830 को शो रूम के सामने खड़ा किया था। अगले दिन 28 जनवरी की सुबह करीब 10 बजे जब उन्होंने शो रूम के सामने देखा तो मोटरसाइकिल वहां मौजूद नहीं थी। काफी तलाश के बाद भी जब वाहन का कोई सुराग नहीं मिला, तब उन्हें यह स्पष्ट हो गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। घटना स्थल शहर का व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र होने के बावजूद चोरी की वारदात होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर ▶▶|शेष पेज 10 पर

# धान खरीदी की तिथि बढ़ाने व मनरेगा पर कांग्रेसियों ने किया माकड़ी में चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए कांग्रेसियों ने 30 जनवरी को माकड़ी तिराहा पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए सांकेतिक चक्काजाम किया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांकेर ग्रामीण एवं शहर के द्वारा मनरेगा बचाव संग्राम और धान खरीदी की तिथि को बढ़ाने की मांग को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम माकड़ी तिराहा चौक पर किया। मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी के बलिदान दिवस को शहादत दिवस के रूप में मनाते हुए गांधी जी के विचारों को उपस्थित जनमानस को अवगत कराया तथा प्रदेश में धान खरीदी की तिथि को आगे बढ़ाए जाने को लेकर चक्का जाम किया गया जिससे गाड़ियों की लंबी कतार गईं। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर सरकार के दावों और हकीकत के बीच विरोधाभास देखने को मिल रहा है, जहां सरकार इसे ऐतिहासिक बता रही है वहीं जमीनी स्तर पर किसानों की शिकायतों से स्पष्ट है कि सरकारी दावे खोखले हैं। यदि सरकार किसान का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती है तो स्पष्ट बताएं क्योंकि सरकार की दाना दाना धान खरीदने की मंशा कहीं दिखाई नहीं दे रही है। अधिकारी द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद भी किसान को टोकन जारी करने में सरकार कोताही बरत रही है। धरातल पर अनेक विसंगतियां देखने को मिल रही है जो सरकार की कम धान खरीदी करने की मंशा को उजागर कर रही है। धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम में जिला अध्यक्ष बसंत यादव, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर, प्रदेश सचिव जनकनंदन कश्यप, अजजा आयोग पूर्व सदस्य नितिन पोटाई, ब्लॉक अध्यक्ष लोमेन्द्र यादव, शहर अध्यक्ष यासीन कराणी, हेमनारायण गजबल्ला, सुलोचना मेश्राम, भारती सलाम,गोमती सलाम, विजय यादव, मुकेश तिवारी,राजू दुबे, शिवांकित श्रीवास्तव, ख़ोमेंद्र उईके, उदय शर्मा, सुमित राय, गिरीश मेश्राम, चमन साहू, किसन साहू, सुरेश नाग, शेष गजबिए, सूर्या नेताम, तारस सिन्हा, ऋषि साहू, नरेंद्र ठाकुर, नंदकुमार देवांगन आदि उपस्थित थे।

**भानुप्रतापपुर की उचित मूल्य दुकानों में भारी गड़बड़ी**

# राशन वितरण समय पर नहीं हो रहा, फूटा गुस्सा, दुकानदार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



नगर भानुप्रतापपुर की उचित मूल्य दुकानदारों ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन सामग्री की आपूर्ति में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एसडीएम जीडी वाहिले को ज्ञापन सौंपा है। दुकानदारों का कहना है कि समय पर और नियमानुसार राशन नहीं पहुंचने से न केवल उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, बल्कि आम उपभोक्ताओं को भी राशन वितरण में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भानुप्रतापपुर क्षेत्र में पीडीएस सप्लाई के ठेकेदार द्वारा शासन से आवंटित राशन सामग्री उचित मूल्य दुकानों तक समय पर नहीं पहुंचाई जा रही है। इसके कारण दुकानदारों को हितग्राहियों को निर्धारित समय पर राशन वितरण करने में कठिनाई हो रही है। दुकानदार संघ के अध्यक्ष सुरेश भंडारी एवं प्रवक्ता किशन सोनी ने बताया कि शासन से प्राप्त राशन सामग्री एक साथ दुकानों में नहीं दी जाती। पहली खेप तो ठेकेदार द्वारा पहुंचा दी जाती है, लेकिन इसके बाद पुनः मांग करने पर शेष सामग्री नहीं पहुंचाई जाती। दुकानदारों का आरोप है कि कई बार राशन सामग्री संबंधित दुकानों तक पहुंचाने के बजाय ठेकेदार द्वारा अन्यत्र दुकानों में उतार दी जाती है, जिससे दुकानदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, जबकि इसका लाभ ठेकेदार को मिल रहा है। इस अव्यवस्था से आम उपभोक्ता भी प्रभावित हो रहे हैं और पूरी राशन वितरण प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दुकानदार सुंदर कांगे ने बताया कि उनके लिए निर्धारित राशन सामग्री को गुड़-बारवी में छोड़ने के बजाय धनेली में उतार दिया गया, जिससे उन्हें स्वयं एक हजार रुपये वाहन किराया देकर सामग्री लानी पड़ी। कन्हैया पात्र ने बताया कि कम सामग्री होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा दुकान तक सप्लाई नहीं की गई, जिसके कारण उन्हें किराए का वाहन कर लगभग 2500 ▶▶|शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### अवैध धान परिवहन में संलिप्त तीन गाड़िया पखांजूर में जब्त



**पखांजूर।** धान खरीदी सीजन के दौरान अवैध धान के आवक को रोकने के लिए प्रशासन सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी कड़ी में 29 जनवरी को खाद्य विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र से लाया जा रहा अवैध धान जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार संबलपुर में स्थित महावीर ट्रेडर्स द्वारा अवैध रूप से महाराष्ट्र का धान परिवहन किया जा रहा था। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर 3 गाड़ियों को पकड़ा। जांच के दौरान पाया गया कि इन गाड़ियों में लदा धान बिना वैध दस्तावेजों के सीमा पार से लाया जा रहा था। खाद्य एवं राजस्व विभाग की टीम ने पंचनामा तैयार कर जब्त किए गए धान और तीनों गाड़ियों को थाना पखांजूर की सुपुर्दगी में दे दिया है। अधिकारियों का कहना है कि धान खरीदी के दौरान बिचौलियों और अवैध कोचियों पर लगाम कसने के लिए इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। बाहरी राज्यों से अवैध धान लाकर खपाने की कोशिश करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एकीकृत बाल विकास परियोजना के रिटायर्ड भृत्य को दी गई विदाई



**दुर्गुकोंदल।** आईसीडीएस दुर्गूकोंदल में पदस्थ भृत्य दिनेश कुमार नरेटी के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय परिसर में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना के वर्तमान एवं पूर्व अधिकारी-कर्मचारियों ने उनकी दीर्घकालीन सेवाओं को स्मरण करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दिया। समारोह के दौरान वक्ताओं ने दिनेश कुमार नरेटी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ किया। विभाग एवं संस्था के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर पूर्व परियोजना अधिकारी सुमन नेताम, आर वट्टी एवं वर्तमान पदस्थ परियोजना अधिकारी ममता सुकदेवे विशेष रूप से उपस्थित रहें। साथ ही एकीकृत बाल विकास परियोजना चारामा की परियोजना अधिकारी गंगा पोया एवं पूर्व पदस्थ पर्यवेक्षक सुलोचना नेताम ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षक देवकुमारी परिहार, सुमित्रा सलाम, राजेश्वरी मंडावी, देवकी सिन्हा, सरिता एल्मा, मनीषा, दशोदा जैन, भानुमति राणा सहित कार्यालय के लिपिक अब्दुल जीकर खान, अखिलेश भारद्वाज, मनीष कुमार, संतोषी तारम, सहाबत्ती यादव एवं आंगनबाड़ी सहायिका प्रियंका नुरूटी उपस्थित रहें।

### निधन

#### सोनबती निषाद



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत राऊरवाही निवासी सोनबती निषाद का आकस्मिक निधन हो उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम राऊरवाही में किया गया, जिसमें ग्रामवासी व रिश्तेदार शामिल हुए।

---

## सियासत : नगर थाना चौक धमतरी सरोना मुख्य मार्ग पर नारेबाजी की

# मनरेगा गांधीजी के नाम करने व धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग, कांग्रेस ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरहरपुर के तत्वाधान में केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम का आयोजन किया गया। यह धरना प्रदर्शन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा को निरस्त किए जाने तथा योजना से महात्मा गांधी के नाम को विलोपित करने के कथित प्रयासों के विरोध में किया गया। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं को लेकर धान खरीदी के समर्थन मूल्य की खरीदी तिथि को आगे बढ़ाए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जनों ने नगर के थाना चौक धमतरी सरोना मुख्य मार्ग पर नारेबाजी करते हुए कुछ समय के लिए सांकेतिक चक्का जाम किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए और भाजपा सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मनरेगा जैसी योजना ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए जीवन रेखा है, जिसे कमजोर करने या समाप्त करने का प्रयास देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों के साथ अन्याय है। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम केवल एक नाम नहीं बल्कि ग्रामीण भारत के आत्मसम्मान, स्वावलंबन और रोजगार की भावना से जुड़ा हुआ है। मनरेगा से गांधी का नाम हटाने का प्रयास उनके विचारों और योगदान का अपमान है, जिसे कांग्रेस किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह उदासीन है, जिसका उदाहरण धान खरीदी की तिथि समय पर नहीं बढ़ाना है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में किसान अपनी उपज बेचने में परेशान हैं। यदि खरीदी तिथि नहीं बढ़ाई गई तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए सरकार को तुरंत निर्णय लेकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अवधि बढ़ानी चाहिए। धरना एवं चक्का जाम के पश्चात कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार नरहरपुर को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से केंद्र सरकार से मनरेगा को यथावत रखने, महात्मा गांधी का नाम योजना से न हटाने तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की गई। आंदोलन में मांडवी दीक्षित, नितिन पोटाई, रोहिदास शोरी, प्यारी सलाम, दिनेश कुमार पटेल, कासिम खान, हलाल नेताम, मैनू शोरी, संतराम मरकाम, सुमित कुमार नागवंशी, टकेश्वर सिन्हा, मोनिका नेताम, नरेश्वरी नेताम, कमल कुमार ध्रुवा, कमलेश कुमार कोमरा, योगेश राजपूत, मनीराम सिन्हा, मुकेश राय, गिरजा नेताम, मुकेश कुमार मंडावी, मोंटू साहू, हेमंत कुमार रजक, अर्जुन कुमार नेताम, शिवचरण मंडावी, कुमार मंडावी, महेश साहू, गुड्डू यादव सहित कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

## जागरूकता शिविर में उपभोक्ताओं को मिली डिजिटल अधिकारों की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और डिजिटल माध्यमों से न्याय तक आसान पहुंच दिलाने के उद्देश्य से धनेलीकनहार में उपभोक्ता साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राज्य उपभोक्ता आयोग के आदेशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि और आयोग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

शिविर को संबोधित करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल एवं सदस्य डाकेश्वर सोनी ने उपभोक्ताओं को ई-हियरिंग एवं ई-फाइलिंग की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब उपभोक्ता ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहीं से भी अपनी शिकायत की सुनवाई में भाग ले सकते हैं। इससे समय, धन और दूरी की समस्या समाप्त होती है और न्याय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी व सुलभ बनती है। अधिकारियों ने यह भी समझाया कि उपभोक्ता शिकायत दर्ज करते समय आवश्यक दस्तावेज कैसे अपलोड करें, सुनवाई की तिथि की जानकारी कैसे प्राप्त करें तथा ई-हियरिंग के दौरान अपना पक्ष प्रभावी ढंग से कैसे रखें। उपस्थित ग्रामीणों ने इस डिजिटल व्यवस्था को उपयोगी बताते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बड़ा कदम बताया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य सरस्वती केमरो, धनेलीकनहार सरपंच मधु मंडावी, ग्राम पंचायत तेलावट की सरपंच लक्ष्मी चीराम, धनेलीकनहार उपसरपंच वेदकुमार औरसा सहित गांव के नागरिक के अलावा जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी संजय कश्यप, सनत चंद्राकर, दीपक ध्रुव और मिथिला गोयल भी उपस्थित रहे।

---



## स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ, 13 तक होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ रोगियों के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में शुक्रवार 30 जनवरी से 13 फरवरी तक राष्ट्रव्यापी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक कर कुष्ठ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करना है। इस दौरान कुष्ठ रोगियों क प्रति भेदभाव खत्म करने, उनके गरिमा को सुनिश्चित करने कांकेर कलेक्टर का जनता के नाम संदेश का वाचन कर शपथ भी ली गयी। डॉ. सुनील कुमार सोनी ने बताया कि इस अभियान के तहत कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और भेदभाव की गलत भ्रांतियों को मिटाने, लोगों में कुष्ठ रोग के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिले के समस्त माध्यमिक, हाई, हायर सेकण्डरी स्कूलों, कालेजों एवं सभी ग्राम पंचायतों में कलेक्टर का संदेश वाचन व शपथ एवं ग्राम सभा प्रमुख सरपंच भाषण का वाचन करेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य अमला सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर युकां ने किया श्रमिकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

ग्राम मर्दापोटी में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके श्रम की गरिमा और सम्मान के विचारों को आत्मसात करते हुए जिला युवा कांग्रेस द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन करते हुए उनके नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मनरेगा में कार्यरत मेहनतकश मजदूरों का तिलक कर, श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर श्रमिकों के चरण धोकर उनके श्रम के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ हैं और उनके परिश्रम के सम्मान के बिना राष्ट्र निर्माण की कल्पना अधूरी है। श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना ही महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उपस्थित युवा कांग्रेस पदाधिकारी पूर्व मंडी अध्यक्ष व सरपंच राजेश भास्कर, पूर्व जनपद सदस्य रमेश गावड़े, जिला उपाध्यक्ष आदर्श गुप्ता, संगठन प्रशासन महामंत्री शेष गजभिए, जिला महासचिव निरंजन लटिया, जिला सचिव नरसिंह तेता, शहर अध्यक्ष जीशान अली, युवा कांग्रेस तथा दीपक तेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने संकल्प लिया कि श्रमिकों के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए युवा कांग्रेस निरंतर आवाज उठाती रहेगी।

---

## धान खरीदी व्यवस्था की बदहाली से कृषक बेहाल, फसल बेचने से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना



प्रदेश में धान खरीदी की पूरी व्यवस्था इन दिनों अव्यवस्था और अविश्वास का शिकार होती नजर आ रही है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, जबकि सरकार की नीतियाँ और प्रशासनिक रवैया उनकी परेशानियों को कम करने के बजाय और बढ़ा रहा है। आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि धान खरीदी के नाम पर किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है।

पार्टी का कहना है कि बड़ी संख्या में पात्र किसानों के टोकन अब तक नहीं काटे गए हैं, जिससे वे अपनी मेहनत की फसल बेचने से वंचित हो रहे हैं। टोकन नहीं मिलने के कारण किसान खरीदी केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं और बार-बार अपमानजनक स्थिति का सामना कर रहे हैं। कई स्थानों पर भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों से कठोर और असम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है, जिससे उनमें गहरा रोष है। आम आदमी पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि कई खरीदी केंद्रों पर किसानों पर जबरन रकबा समर्पण का दबाव बनाया जा रहा है। किसानों को डराया जा रहा है कि यदि उन्होंने रकबा समर्पण नहीं किया तो उनकी धान खरीदी नहीं की जाएगी। पार्टी ने इस प्रक्रिया को पूरी तरह अन्यायपूर्ण और किसान विरोधी बताया है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब किसानों को यह कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है कि धान खरीदी की तिथि समाप्त होने वाली है। समय पर टोकन नहीं मिलने और खरीदी की अनिश्चितता के कारण किसान तनाव में हैं। उनका कहना है कि महीनों की मेहनत के बाद तैयार की गई फसल को बेचने का अवसर भी उनसे छीना जा रहा है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि प्रदेश सरकार की नीतियों के चलते अन्नदाता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। पार्टी ने सरकार से मांग की है कि सभी पात्र किसानों के तत्काल टोकन काटे जाएँ, भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सम्मानजनक बनाया जाए, जबरन रकबा समर्पण की प्रक्रिया को तुरंत बंद किया जाए तथा धान खरीदी और उससे जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक बढ़ाई जाए।

---

## अंतागढ़ पीएमटी बालक छात्रावास के छात्रों पर हमला, चार पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास अंतागढ़ में बीती रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कुछ असामाजिक तत्वों ने छात्रावास के मुख्य गेट पर हंगामा करते हुए छात्रों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। घटना दिनांक 28 जनवरी की रात लगभग साढ़े 10 बजे की बताई जा रही है।

- देर रात असामाजिक तत्वों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की

छात्रावास अधीक्षक शिव भानू सिंह टेकाम ने पुलिस को बताया कि बताया कि वे अपने क्वार्टर में सो रहे थे, तभी मुख्य गेट के पास शोर-शराबा सुनाई दिया। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि चार युवक छात्रावास के छात्रों को गालियां दे रहे थे। इसी दौरान छात्र अरविंद पद्दा गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसके सिर से खून बह रहा था। पीड़ित छात्र अरविंद पद्दा ने बताया कि कुनाल देहारी, डिकेश टांडिया, प्रवीण टांडिया और हरेश टांडिया छात्रावास गेट पर पहुंचे और छात्रों को अपशब्द कहते हुए बाहर बुलाने लगे। जब छात्र गेट के पास पहुंचे तो आरोपियों ने अरविंद को बाहर खींचकर हाथ-मुक्कों और कड़े से हमला किया। हमले में उसके सिर में गंभीर चोट आई। साथ ही आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई।

घटना की जानकारी मिलते ही छात्रावास अधीक्षक के साथ अन्य छात्रों मयंक कोला, कृष्णा दुग्गा और धनराज ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराया। इसके बाद अधीक्षक द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों कुनाल देहारी, डिकेश टांडिया, प्रवीण टांडिया और हरेश टांडिया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296, 3 (5) और 351 (3) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

## धान खरीदी में फर्जीवाड़े की आशंका, ग्रामीणों ने किसान व कोचिया के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर



छोटेबेठीया रेंगवाही धान खरीदी केंद्र अंतर्गत शासन की धान खरीदी प्रक्रिया के बीच फर्जी पंजीयन और अवैध धान खपाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। ग्राम पंचायत छोटेबेठीया के ग्रामीण मानसू नरेटी, संतराम, पंडीराम मन्नू राम एवं अन्य ग्रामीणों ने एक स्थानीय किसान और कोचिया बिचौलिये के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ग्रामीणों द्वारा धान खरीदी केंद्र प्रभारी छोटेबेठीया को सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार ग्राम पाकुरकल निवासी मुर्रा टोप्पो पिता झगड़ू टोप्पो पर फर्जी तरीके से धान बेचने की तैयारी करने का आरोप है। ग्रामीणों का दावा है कि किसान ने वास्तविक रूप में खेत में धान की फसल नहीं लगाई है। नोडल अधिकारी की मिलीभगत से किसान का फर्जी गिरदावरी और पंजीयन कराया गया है। आरोप है कि कोचिया संतोष दास द्वारा बाजार से कम दाम में धान खरीदकर उक्त किसान के घर में डंप किया गया है, जिसे अब सरकारी समर्थन मूल्य पर बेचने की योजना है। ग्रामीणों का आवेदन मुझे प्राप्त हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मैं तत्काल उच्च अधिकारियों को इससे अवगत कराऊंगा ताकि वास्तविकता की जांच हो सके। रेंगवाही धान खरीदी केंद्र प्रभारी अंकित कुमार बढ़ई ने कहा कि मेरे पास अभी तक इस संबंध में कोई लिखित आवेदन नहीं आया है। जैसे ही आवेदन प्राप्त होता है, नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि सरकारी व्यवस्था का दुरुपयोग कर अवैध लाभ कमाने वालों पर नकेल कसी जानी चाहिए। उन्होंने नोडल अधिकारी की भूमिका की जांच करने और मौके पर जाकर वास्तविक फसल की स्थिति देखने की मांग की है। इस संबंध में संतोष दास का कहना है मेरे द्वारा संबंधित को किसी भी प्रकार का धान मुहैया नहीं कराया गया है, कोई भी सबूत पेश करता है तो मैं उसका जवाब दूंगा।

---

## विवेकानंदपुर के तालाब में मिली अधेड़ की लाश, क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर



पखांजूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम विवेकानंदपुर पीवी 41 में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने गांव के तालाब में एक अज्ञात शव को तैरते हुए देखा। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में खलबली मच गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण दैनिक कार्यों के लिए तालाब किनारे पहुंचे, तो उन्हें पानी में एक लाश दिखाई दी। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और अन्य लोगों को दी। ग्रामीणों की सक्रियता और मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान खगेन घोष उम्र लगभग 46 से 52 वर्ष पिता खितिष घोष के रूप में हुई है, जो ग्राम पंचायत पुरुषोत्तमपुर के निवासी थे। हालांकि उम्र को लेकर शुरुआती जानकारी में कुछ मतभेद हैं, लेकिन पुलिस शिनाख्त की पुष्टि कर रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश और डर है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी तालाब में डूबने से पहले भी कई मौतें हो चुकी हैं, जो सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस के जरिए सिविल अस्पताल पखांजूर भेज दिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों दुर्घटना या आत्महत्या का पता चल पाएगा। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

---

पेज 9 के शेष...

### अनियंत्रित बोलेरो की...

टेंपर क्रमांक सीजी 07 सीएच 7970 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में अपर सत्र न्यायाधीश के सिर, छाती और दाहिने घुटने में चोटें आईं।

### सरकारी योजना का...

गया कि मई 2022 में एक व्यक्ति गांव आया, जिसने स्वयं को बोर एजेंट बताया। उसने खेत में बोर करवाने, बाउंड्रीवाल बनाने और खेत की मरम्मत कराने की बात कही। आरोपी ने अपना नाम नोमेश कुंजाम पिता कपूरचंद कुंजाम निवासी ग्राम मालगांव, चौकी दुधावा, थाना नरहरपुर, जिला कांकेर का निवासी बताया। आरोपी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि यह सब कार्य सरकारी योजना के तहत होगा और इसके लिए बैंक से लोन निकाला जाएगा, जिसकी किश्तें उन्हें नहीं चुकानी पड़ेंगी। इसी भरोसे में आकर प्रार्थी और उसके पिता से जमीन के पट्टा, आधार कार्ड, बैंक खाता और अन्य जरूरी कागजात ले लिए गए तथा कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी करवा लिए गए।

**आरोपी ने कई ग्रामीणों से की है धोखाधड़ी-** जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने इसी तरह अन्य ग्रामीणों को भी अपना शिकार बनाया। ग्राम बोदेली निवासी अहिल्याबाई सलाम और उनके परिवार से एचडीएफसी बैंक कांकेर शाखा के खातों से 6,24,191 रुपये, ग्राम भानबेडा निवासी छविलाल नेताम से 4,50,000 रुपये, ग्राम मुंगवाल निवासी नंदलाल कावडे से नौकरी दिलाने के नाम पर 10,000 रुपये नगद और परमीत सलाम की मोटरसाइकिल प्लेटिना (क्रमांक सीजी 19 बीडी 1695) भी आरोपी अपने साथ ले गया, जिसे आज तक वापस नहीं किया गया।

### कांकेर में चोरों...

अंकुश लगाया जा सके। प्रार्थी की शिकायत पर कांकेर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए वाहन की पतासाजी में लग गई है।

### राशन वितरण समय...

रुपए खर्च कर हितग्राहियों का राशन मंगवाकर वितरण करना पड़ा। इस तरह लगातार आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विक्रेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि पिछले वर्ष का बारदाना भुगतान अब तक नहीं किया गया है, इसके अलावा राशन सामग्री का कमीशन भी लंबित है। इससे दुकानदार आर्थिक रूप से परेशान हैं और जल्द से जल्द बकाया राशि दिलाने की मांग की गई है। दुकानदारों ने एसडीएम से संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई करने तथा शासन की राशन सामग्री नियमानुसार सभी उचित मूल्य दुकानों तक समय पर पहुंचाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पकोड़ा, गुपचुप खरीदी कर बच्चों को किया उत्साहित



**भानपुरी।** सेजस सालेमेटा 1 में कक्षा 11वीं कामर्स के विद्यार्थियों के द्वारा व्यापार मेला का आयोजन कर व्यापार में केवल लाभ ही होता है सिद्ध किया। जिसमें बड़ी संख्या में संकुल के शिक्षक एवं गांव के लोग भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिए एवं बच्चों के द्वारा बनाए गए चाइनीज पकोड़ा, गुपचुप, भजिया आदि की खरीदी कर बच्चों को उत्साहित किया गया। जिस हेतु इस व्यापार मेला को गाइड करने वाले कामर्स के व्याख्याता गोविंद साहू एवं प्रभारी प्राचार्य जुम्मन बघेल, स्टाफ टीडी साहू, जीसी साहू, अमला, सानू, पोयम, ठाकुर मेम, कश्यप मेम आदि के द्वारा बच्चों के इस कार्यक्रम की खूब प्रशंसा किया गया।

### खिलाड़ी पहुंचे दिल्ली दिखाएंगे स्पर्धा में दम



**घाटलोहंगा।** बस्तर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित नेशनल रग्बी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। घाटलोहंगा बस्तर के खिलाड़ियों अपनी पहचान देश की राजधानी दिल्ली में अपना दमखम दिखाएंगे। टीम के साथ पीटीआई और छत्तीसगढ़ के कोच के साथ 30 जनवरी से 3 फरवरी अपने लोहा मनवाने दिल्ली में रहेंगे।

### विद्यार्थियों ने गीत, कविता और नृत्य की दी प्रस्तुति



**तोकापाल।** बस्तानार ब्लॉक के अंतर्गत शाउमावि बागमुंडी पनेड़ा में हर वर्ष के भांति कुछ अलग देखने को मिला। इस वर्ष गणतंत्र दिवस हर साल से थोड़ा हट कर मनाया गया। जिसमें सभी संस्थाओं पंचायत, अस्पताल व सभी शालाओं में ध्वज फहराने के बाद बच्चे और ग्रामीण सब एक साथ एक स्थान शाउमावि बागमुंडी पनेड़ा, विकासखण्ड बास्तानार जिला बस्तर में झंडा पण्डुम तिहार के रूप में आयोजन किया गया। जिसमें गांव के गायता, पटेल, प्रबुद्धजन, युवा समिति, सभी संस्थाओं के कर्मचारी, बच्चे तथा छात्र-छात्राएं गीत, कविता और नृत्य की प्रस्तुति दी। उसके बाद भोजन कर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक मिल कर बस्तर संस्कृति की झलक ढोल नाचा करसाड़ नृत्य का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की भी बढ़चढ़ के भागीदारी रही। कार्यक्रम समाप्ति के बाद मिष्ठान दिया गया।

### उर्जा विभाग मनाएगा आज रजत महोत्सव

**धनेलीकन्हार।** छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली 25 वर्ष के उपलक्ष में रजत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रजत महोत्सव का आयोजन ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी धनेलीकन्हार की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम आज 31 जनवरी को सुबह 11 बजे हल्बा समाजिक भवन में होगा। कार्यक्रम के दौरान चिन्हांकित उपभोक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# महात्मा गांधी के नाम पर भाषण, बलिदान दिवस पर शराब बिक्रीः गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के दिन शराब दुकान खुली रहने और मांस विक्रय किए जाने को लेकर युवा कांग्रेस ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा के नेतृत्व में आज शराब दुकान के सामने धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता पर सवाल खड़े किए गए। धरना स्थल पर महात्मा गांधी की तस्वीर लेकर बैठे युवा कांग्रेसियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि भाजपा सरकार और प्रशासन को राष्ट्रपिता के आदर्शों की कोई परवाह नहीं है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गणेश दुर्गा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि गांधी के नाम पर भाषण देने वाली सरकार उनके बलिदान दिवस पर शराब बिकवाकर और मांस विक्रय की अनुमति देकर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है।

गणेश दुर्गा ने कहा कि यह पूरी तरह से प्रशासनिक विफलता है। यदि समय रहते शुष्क दिवस घोषित किया गया होता तो यह



स्थिति पैदा ही नहीं होती। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आज युवाओं को नशे की ओर धकेला जा रहा है, जो समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए घातक है। युवा कांग्रेस द्वारा इस मामले को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि महात्मा गांधी जयंती, बलिदान दिवस सहित सभी राष्ट्रीय और सामाजिक महत्व के दिवसों पर शुष्क दिवस घोषित किया जाए। धरना प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेसियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को भी जमकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि नगर प्रशासन जनभावनाओं को नजरअंदाज कर सिर्फ औपचारिकता निभा रहा है। युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगे भी ऐसे पवित्र और ऐतिहासिक दिनों पर शराब दुकानें खुली रहीं तो युवा कांग्रेस द्वारा और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान शहर ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा शोरी, जिला महामंत्री अजय मरकाम मनोज कौरव, आकश विश्वास, पार्षद राधा नाग, करण तामो, लचुराम मंडावी, सहदेव संतोष नायर, करन इक्चम, नाग, राकेश मंडावी, गायेंद्र सिंह, शैलेंद्र यादव, कविश वट्टी, अरुण सोनानी, सुनील जोशी, वरुण तामो, अभिषेक सलाम, वसीम खान, अंकुर वासुदेव अन्य साथी मौजूद थे।

## मजदूरों के अधिकारों पर हो रहे हमले बंद नहीं हुए तो आंदोलन होगी तेज

# मनरेगा की चार प्रमुख मांगों को लेकर कांग्रेस का शांतिपूर्ण धरना व चक्का जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

मनरेगा एक्ट एवं मजदूरों से जुड़ी चार प्रमुख मांगों को लेकर शुक्रवार को गीदम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शांतिपूर्ण धरना एवं चक्का जाम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर फूल-माला अर्पण एवं मौन धारण कर की गई। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा ने की। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष दंतेवाड़ा एवं प्रदेश कांग्रेस महामंत्री विमल सुराना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इसे कमजोर करने के किसी भी प्रयास का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी।

- **मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ : सुराना**

प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने धरना प्रदर्शन की 4 प्रमुख मांगें, काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी एवं जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गए बदलावों की तत्काल वापसी काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली, न्यूनतम मजदूरी 400 प्रतिदिन सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पूजा गुप्ता, सरपंच फरसपाल दीपमाला कर्मा, स्नेहा पिल्लै, जिला महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया, जिला सचिव अनिल सोनी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष आसिफ रजा, मिडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, गीदम नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष सोहन यादव, गौरव सुराना सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धरना एवं चक्का जाम पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा एवं मजदूरों के अधिकारों पर हो रहे हमले बंद नहीं हुए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



**लोहंडीगुड़ा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ब्लॉक लोहंडीगुड़ा के सामने बीजेपी सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया। मनरेगा कोई योजना नहीं गरीबों मजदूरों की अधिकार है, इस अधिकार की रक्षा के लिए अंतिम गांव तक संघर्ष जारी है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी सरकार पर मनरेगा में कटौती, धान खरीदी में घोटाला, बढ़ते बिजली बिल और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि बीजेपी सरकार की गलत नीतियों से गरीब, किसान और मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। जनता के हक और अधिकारों की अनदेखी कर सरकार केवल वादाखिलाफी कर रही है। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोहंडीगुड़ा अध्यक्ष ललित पांडे ने कहा भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी के नाम चल रही मनरेगा योजना के नाम बदलकर एवं नियमों में छेड़छाड़ कर गरीब मजदूरों को रोजगार से वंचित करने की साजिश को जनता के सामने वे नकाब किया। विरोध स्वरूप जमकर नारेबाजी की गई और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की । कार्यक्रम में प्रभारी मुकेश गुप्ता, संतोष यादव, युवा कांग्रेस चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष भंवर लाल मौर्य समस्त महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष यशवंत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अब्दुल सलाम, गढ़िया मंडल अध्यक्ष मदन पेगड, नवीन पांडे, सूरज कश्यप विधियाधर कश्यप, विनता सरपंच सतसपुर सरपंच, केदार सिंह डेक , वासु नाग कस्तूरपाल जनपद सदस्य लक्ष्मण करटामी, विजय उइके, रूपसिंह कश्यप, महेन्द्र भंडारी, सुरेश नायक, सदन कश्यप, मुना लाल, लक्की एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बस्तर की बेटी ने हासिल की गोल्ड मेडल




**बस्तर।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा, दुर्ग में आयोजित चतुर्थ दीक्षांत समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने रौनक आरा, पत्नी डॉ. शहबाज़ शाह को बीएफएससी सत्र 2019–20 के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया । रौनक आरा, सेंट्रल सिल्क बोर्ड बस्तर में कार्यरत टीएच सिद्दीकी, तकनीकी अधिकारी की पुत्री हैं। वे प्रारंभ से ही एक मेधावी छात्रा रही हैं। इस उपलब्धि से बस्तर क्षेत्र गौरवान्वित हुआ है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।

### बच्चों की स्क्रीनिंग कर उपचार के लिए भेजा गया



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मडसे अंतर्गत ग्राम पंचायत नागुल में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आस-पास के आंगनबाड़ियों के सभी बच्चों का स्क्रीनिंग करके उनका उपचार किया गया एव गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेंटर गीदम रेफर किया गया। इस दौरान मेले में आये हुए शिशुवती महिलाओं की भी स्वास्थ्य जांच की गई एव उन्हें संतुलित आहार खान-पान के बारे में बताया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं का ए .एन .सी जांच कर उन्हें आयरन एव कैल्शियम की दवाईया प्रदान की गई। शिविर में आए हुए समस्त महिला एव ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्रामीण सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अतिक अंसारी द्वारा आंगनबाडी में बच्चों को भेजने के लिए प्रेरित किया गया और सभी को टीकाकरण का महत्व बताया गया इसके साथ ही गैर संचारी रोगो के बारे में भी जानकारी दी गई। वही बच्चों को यहां उपहार देकर प्रोत्साहित भी किया गया। आईसी डी एस सुपरवाइजर आनिमिका द्वारा सभी आए हुए महिलाओं को कुपोषण से बचाने के उपाय बताएं गए साथ ही एनआरसी सेंटर आने के लिए सलाह दी गई ।

# धान खरीदी में अव्यवस्था के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

प्रदेश में धान खरीदी व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने विरोध का रास्ता अपनाया। धान बेचने में आ रही समस्याओं से नाराज़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं व किसानों ने विधायक सावित्री मंडावी के नेतृत्व में शुक्रवार को भानुप्रतापपुर में प्रदर्शन किया।

- **विधायक सावित्री के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन**

इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में किसान अब तक धान विक्रय से वंचित हैं, जबकि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस समाधान नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि वंचित किसानों का धान शीघ्र खरीदा जाए तथा धान खरीदी व्यवस्था में सुधार कर किसानों को राहत दी जाए। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे कानून-व्यवस्था बनी रही। प्रदर्शन के दौरान एसडीएम भानुप्रतापपुर गंगाधर वाहिले मौके पर पहुंचे और विधायक एवं प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। चर्चा के पश्चात विधायक सावित्री मंडावी ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील बबला पांढी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता, जिला पंचायत सदस्य झरना ध्रुव, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह ठाकुर, कृष्णा टेकाम, चेतन मरकाम, पार्षद विजय धामेचा, नरेंद्र कुलदीप, भगवान सिंह कुंजाम, कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष जितेंद्र बेंजामिन, नमन जैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व किसान उपस्थित रहे।

# संयुक्त मोर्चा पिंडकसा में 10 को बुमकल दिवस मनाएगा

**पखांजूर।** ग्राम तोड़हूर के गोटूल प्रांगण में बीते दिन एसटी, एससी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सामाजिक एकता की मिसाल पेश करते हुए आगामी बुमकल दिवस और जंगो रायतड़ गोंडी इंग्लिश पब्लिक स्कूल के वार्षिक महोत्सव को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।



बैठक में उपस्थित समाज के प्रबुद्ध जनों और जनप्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष बुमकल दिवस समारोह 10 फरवरी को ग्राम पिंडकसा में पूरी भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों और सामूहिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया ताकि सांस्कृतिक गौरव को अक्षुण्ण रखा जा सके। आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न करने और जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक एवं सामग्री सहयोग का एक पारदर्शी मॉडल अपनाया गया है। बैठक में यह तय किया गया कि समाज का प्रत्येक परिवार 50 नकद और 1 सोली चावल का योगदान देगा। यह निर्णय समाज के सभी वर्गों की सहमति से लिया गया है, जो सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है। नवा गोण्डाहूर स्थित जंगो रायतड़ गोंडी इंग्लिश पब्लिक स्कूल के वार्षिक महोत्सव को सफल बनाने के लिए भी विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें अतिथियों के स्वागत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अनुशासन व्यवस्था के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित गायता पटेल, ग्राम सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने अनुशासित ढंग से कार्यक्रम संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## कलेक्टर ने सुदृढ़ीकरण व युवाओं के सशक्तिकरण पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कृषि,शिक्षा,कौशल विकास एवं युवाओं के सशक्तिकरण से जुड़े संस्थानों की गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा का भ्रमण कर केंद्र की विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त इकाइयों के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण के निर्देश देते हुए सभी इकाइयों को पुनः किसानोपयोगी बनाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए तकनीकी ज्ञान, नवाचार एवं प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र है, अतः इसकी आधारभूत संरचना मजबूत होना आवश्यक है। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ओमप्रकाश द्वारा केंद्र की परियोजनाओं एवं प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कृषक प्रशिक्षण सभागार, बायो-फ्लॉक, किसान छात्रावास, मशरूम, कड़कनाथ, बीज गोदाम, डेयरी, बत्तख एवं बकरी पालन तथा प्राकृतिक खेती इकाइयों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने एवं उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए।

# रेडवाकट्टा रोड पर दंपति से मारपीट, ट्रक चालक एवं साथियों पर महिला का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में सड़क पर असामाजिक तत्वों की दबंगई का एक और मामला सामने आया है। जवाहर वार्ड कांकेर निवासी रश्मि यादव ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 29 जनवरी की रात उनके साथ सड़क पर बदसलूकी और मारपीट की गई।

नरहरपुर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए रश्मि यादव ने पुलिस को बताया कि अपने पति तरुण यादव के साथ नरहरपुर निवासी किशनलाल यादव के यहां आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर मोटर साइकल क्रमांक सीजी 19 बीए 8781 से वापस कांकेर लौट रही थीं। इसी दौरान रेडवाकट्टा मेन रोड के पास रात लगभग साढ़े 10 बजे उनके आगे ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीजी 4568 चल रहा था। आगे निकलने के लिए दंपति द्वारा हार्न बजाकर साइड मांगी गई, लेकिन ट्रक चालक ने साइड नहीं दी। बताया गया कि जब दंपति ने ट्रक को रोककर चालक से इस व्यवहार का कारण पूछा, तो वह आक्रोशित हो गया और गालियां देते हुए झगड़ा करने लगा।

आरोप है कि ट्रक चालक ने रश्मि यादव को मोटर सायकल से खींच लिया, जिससे पति-पत्नी दोनों सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद चालक ने हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की, जिससे रश्मि यादव की बाईं



कोहनी में चोट आई। इतना ही नहीं, पीड़ित दंपति जब डर के कारण वहां से निकलकर घर लौट रहे थे, तभी कोचवाही के पास ट्रक चालक अपने दो साथियों के साथ दोबारा सामने आया। इमली झाड़ के पास चलती मोटर सायकल के पास आकर ट्रक चालक ने रश्मि यादव के दाहिने गाल पर थप्पड़ मारा और तेज रफ्तार में ट्रक लेकर अमोड़ा की ओर फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीजी 4568 के चालक के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# मनरेगा और धान खरीदी की तिथि पर कांग्रेस ने दिया धरना

**दुर्गूकोंदल।** मनरेगा बचाव एवं धान खरीदी की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा दुर्गूकोंदल में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में क्षेत्र की विधायक सहित कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। यह धरना किसानों, मजदूरों एवं आम जनता की समस्याओं को लेकर आयोजित किया गया।

विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की तथाकथित डबल इंजन सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सरकार किसानों को कर्जदार बनाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की धान खरीदी नहीं की जा रही है, जिससे वे आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं। बढ़ती महंगाई ने आम गरीब जनता की कमर तोड़ दी है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों और मजदूरों की आवाज बनकर लगातार संघर्ष कर रही है और सरकार से धान की पूरी खरीदी की मांग कर रही है। धरना प्रदर्शन के बाद नया तहसीलदार सुमित देवांगन को प्रदर्शनकारियों ने चर्चा करने पहुंचे चर्चा की तब कहीं जाकर विधायक श्रीमती सावित्री मनोज भंडारी ने अपनी मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार दुर्गूकोंदल को सौंपा।

धरना प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनेश नरेटी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कोला, रसालू गावड़े, रघुनंदन गोस्वामी, राजू सांगोडिया, सरपंच निलेश बढ़ाई, जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, हुमन मरकाम, जनपद सदस्य सविता उईके, पार्वती सोरी, बसंती, भालेश्वर, उमेश्वरी मडावी, धनसाय हुर्रा, हिरोतीन दरो, दीनदयाल पटेल, सुखचंद प्रजापति, सियाराम दरो, उदयपुरामें सियाराम पोटाई, परमेश बघेल, धीरजी बघेल, पूनउ पोटाई, नरेंद्र पटेल, गन्नू सिंहा, महातम दुग्गा, लतीफ ध्रुव, रूपेश ढलनिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



## खबर संक्षेप

### चतुर्थवर्ग कर्मचारी के जिलाध्यक्ष बने जयसिंह



**कांकेर।** जिला शाखा छत्तीसगढ़ लघुवेतन शासकीय चतुर्थवर्ग कर्मचारी संघ पं.क्र. 6472 की बैठक रखी गई थी। बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र पाण्डेय वरिष्ठ उप प्रदेश अध्यक्ष यांत्रिकी कर्मचारी संघ एवं समस्त ब्लाक से आए अध्यक्षों की उपस्थिति में जय सिंह सोनकर डेसर पशु चिकित्सालय को सर्व सम्मति से देवाल सिंह नेताम पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा जिलाध्यक्ष प्रभार के लिए सौंपा। उक्त कार्यक्रम में दिनेश हिड़को, राजकुमार नेताम, मैनु राम नरेटी, शोमनाथ दर्रो, आदि उपस्थित रहे।

### शराब सेवन करते दो युवकों को पकड़ा

**कांकेर।** थाना चारामा क्षेत्र में रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कण्डेल पुल के पास कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन कर हंगामा कर रहे हैं। पुलिस को देखकर कुछ लोग भाग गए, जबकि दो युवक हितेश्वर कुमेटी (18) एवं रोहन लाल कुंजाम (18) को पकड़ा गया। दोनों के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। चिकित्सकीय जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर थाना लाया गया।

### ग्राम कुर्रुभाट में 1 से श्रीमद भागवत कथा

**चारामा।** विकासखण्ड के ग्राम कुर्रुभाट में 1 से 7 फरवरी तक 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें धमतरी की कथा वाचिका देवी भूमिका के श्रीमुख से भक्तों को श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा। इस कथा का आयोजन ग्राम कुर्रुभाट निवासी देहुति धर्मेंद्र साहू के द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में कराया जा रहा है। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से होगी। श्रीमद भागवत कथा के आयोजन को लेकर अंचल के लोगों मे पहले से बेहद उत्साह बना हुआ है।

### मुड़खुसरा में आज से श्रीराम कथा मानसगान

**चारामा।** ग्राम मुड़खुसरा के स्कूलपारा में दो दिवसीय श्रीराम कथा मानसगान सम्मेलन का आयोजन 31 जनवरी और 01 फरवरी को किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ एवं दीप प्रज्जवल 31 जनवरी शनिवार सुबह 8 बजे किया जाएगा। प्रथम दिवस पर आमंत्रित मानस मण्डली सार्थक महिला मानस मण्डली मुड़खुसरा चारामा, श्रीराम मानस परिवार बेलरगांव सिहावा जिला धमतरी, जय दंतेश्वरी महिला मानस परिवार टोकरो रायपुर, श्री रामकृष्ण मानस मण्डली भखारा धमतरी, मंथन मानस परिवार कपालफोड़ी धमतरी, चन्दनदीप मानस परिवार अमोंदी आरंग, जय माँ कंकालीन पंडवानी शामिल होंगी।

**अभियान : कलेक्टर नीलेश का संदेश- अनुशासन ही दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका**

# नियमों की अनदेखी से बढ़ीं दुर्घटनाएं, हेलमेट सीट बेल्ट से सुरक्षित जीवन : विधायक नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया यातायात जागरूकता माह शुक्रवार 30 जनवरी को औपचारिक रूप से संपन्न हुआ। समापन अवसर पर छात्रा चाहत रजक द्वारा भावपूर्ण एकल गीत व नृत्य, नरहरदेव स्कूल के बच्चों का स्वागत गीत तथा सेंट माइकल स्कूल के छात्र आर्यन पाण्डेय का मनमोहक एकल नृत्य प्रस्तुत किया।

- पुलिस अधीक्षक का ऐलान- जागरूकता अभियान माह के बाद कल से नियम उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

न्यू कम्युनिटी हाल में आयोजित 37 वें सड़क सुरक्षा अभियान के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जब भी हम दोपहिया या चार पहिया वाहन चलाने के लिए घर से निकलते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वाहन में आवश्यक दस्तावेज मौजूद हैं या नहीं। साथ ही यह भी ज्ञात होना चाहिए कि हमें किस मार्ग से जाना है ताकि गंतव्य तक आसानी और सुरक्षित तरीके से पहुँचा जा सके। वाहन पर बैठते ही कई लोग अनावश्यक गति में सवार हो जाते हैं, जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती है। पुलिस द्वारा समय-समय पर यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर भी लगाए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतते हैं। वाहन पार्क करते समय भी सही पार्किंग स्थल का चयन करना चाहिए, जिससे किसी अन्य व्यक्ति को असुविधा न हो। पूरे वर्ष में एक माह लगातार यातायात जागरूकता अभियान चलाया जाता है, लेकिन यदि हम स्वयं को सुधारने और बदलने का प्रयास नहीं करेंगे, तो दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में कमी लाना संभव नहीं है। विधायक ने विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट जरूर लगाएँ। यह नियम केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि हमारे और हमारे परिवार के सुरक्षित भविष्य के लिए हैं। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा और नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने भी संबोधित किया।




### नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर नीलेश ने कहा कि यह अभियान केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य जनता को यह समझाना था कि सड़क पर अनुशासन और नियमों का पालन हर व्यक्ति की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा ने कहा कि पिछले एक माह में जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया गया। अभियान समाप्त होने के बाद 1 फरवरी से नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ चालान के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जान की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम है।

### प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी पुरस्कृत




यातायात माह के तहत रील्स प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रथम पुरस्कार संजय बड़गा एवं टीम अंतागढ़ को 5000 रूपएं व प्रशस्ति पत्र, द्वितीय पुरस्कार आशीष पुरोहित एवं टीम भानुप्रतापपुर को 2000 रूपएं व प्रशस्ति पत्र, तृतीय पुरस्कार रितुराज साहू तेलगरा, चारामा को 1000 व प्रशस्ति पत्र, सांत्वना पुरस्कार हिंगरझर प्राथमिक शाला के बच्चो को प्रशस्ति पत्र दिया गया। नेक कार्य करने वालों, पुलिस मितान, पुलिस सहयोगियों, समाजसेवियों, स्वास्थ्य विभाग, आरटीओ विभाग, महिला रक्षा टीम कांकेर तथा यातायात सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, हेलमेट एवं फर्स्ट एड किट देकर सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, उपाध्यक्ष राजीव लोचन सिंह, सिंध समाज के अध्यक्ष राकेश आहूजा, पूर्व पार्षद अजय पप्पू मोटवानी,पार्षद मीरा सलाम के अलावा एएसपी आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल, डीएसपी बस्तर फाइटर्स डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह, डीएसपी मुख्यालय विकेश्वरी पिंदे, यातायात प्रभारी दीपक साव के अलावा स्कूली बच्चे और पुलिस का स्टाप उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म ममले में आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजूर इलाके में रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। शादी का वादा कर जबरन शारीरिक संबंध बनाने और बाद में जान से मारने की धमकी देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई अर्टिगा कार भी बरामद कर ली है। आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार पीड़िता बीते 28 जनवरी को काम के सिलसिले में पखांजूर थाना क्षेत्र आई थी, वहां उसकी मुलाकात जान-पहचान के नरोत्तम देवनाथ से हुई, जो उसे घूमने के बहाने अपनी कार में बैठाकर ले गया । आरोपी ने शादी का झांसा देकर एक खेत की लाड़ी में पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने जब शादी के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी ने अपना असली चेहरा दिखाते हुए कहा कि वह पहले से शादीशुदा है। उसने पीड़िता को दोबारा शादी की बात करने पर जान से मारने की धमकी भी दी । पीड़िता की शिकायत पर थाना पखांजूर में अपराध क्रमांक 27/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिताकी धारा 61(1) और 351(2) के तहत मामला दर्ज किया गया । वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर सक्रिय हुई टीम ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया ।

### आरोपी की कार को भी जब्त किया

जानकारी के अनुसार आरोपी 40 वर्षीय नरोत्तम देवनाथ पिता गोपाल देवनाथ निवासी पीव्ही 31 हरिहरपुर है, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया और घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की अर्टिगा कार को भी जब्त किया।पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस न 29 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है ।

### जांच टीम में यह रहे शामिल

इस कार्रवाई में पखांजूर थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण केंवट, सउनि समोद शर्मा, प्रधान आरक्षक ज्योति साहू, आरक्षक जोसेफ, मनोज राणा और महिला आरक्षक कंचन मण्डावी की मुख्य भूमिका रही ।

## पखांजूर में विकास कार्यों की हकीकत कागजों पर रंगीन व जमीन पर बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



पखांजूर क्षेत्र की एसेबेड़ा से पीवी 129 तक की सड़क आज ऐसे ही खोखले दावों का जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। जिस सड़क को लोक निर्माण विभाग ने छह माह में बारिश के मौसम सहित में पूरा करने का भरोसा दिलाया था, वह दो साल से अधिक बीत जाने के बाद भी अधूरी पड़ी है और जनता के लिए किसी सजा से कम नहीं।

सड़क किनारे लगा सूचना पटल खुद विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। ढाई किलोमीटर की इस सड़क पर जगह-जगह नुकीली गिट्टियां बिखरी पड़ी हैं, जिनसे वाहन फिसल रहे हैं और दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। उड़ती धूल राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि एसेबेड़ा पंचायत को विकास की रफ्तार तेज करने के उद्देश्य से सांसद द्वारा गोद लिया गया था, लेकिन उसी पंचायत की मुख्य सड़क बदहाली पर आंसू बहा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गोद लेने की प्रक्रिया केवल कागजों तक सीमित रह गई है। धरातल पर हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ते जा रहे हैं। हर दिन लोग जान जोखिम में डालकर गड्ढो और धूल के बीच सफर करने को मजबूर हैं। ठेकेदार की मनमानी ने कई तीखे सवाल खड़े कर दिए हैं। पखांजूर की यह सड़क अब सिर्फ एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि जवाबदेही और सुशासन की कसौटी बन चुकी है।

## कराकी में कथित धर्म परिवर्तन का मामला ग्रामवासियों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कराकी के ग्रामीणों ने कथित रूप से प्रलोभन देकर जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में थाना कोडेकुर्सी में आवेदन देकर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग किया है। ग्रामवासियों की ओर से सरपंच जवाहर ठाकुर, रामलाल जैन, नरेंद्र कुमार रजमन कोवाची सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण थाना प्रभारी कोडेकुर्सी के समक्ष उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने आवेदन देने के उपरांत बताया कि गुरुवार 22 जनवरी को ग्राम कराकी में शिवराम कोवाची के घर कथित रूप से इसाई धर्म से संबंधित प्रार्थना सभा आयोजित की गई थी। आरोप है कि इस दौरान आसपास के गांवों में प्रचार किया जा रहा था तथा आपत्तिजनक व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग भी किया गया। ग्रामीणों को जानकारी मिलने पर वे समझाइश देने संबंधित स्थान पर पहुंचे, जहां कथित तौर पर कुछ व्यक्तियों द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि स्थिति की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दिया, जिसके बाद पुलिस टीम को संबंधित व्यक्तियों को सौंपा गया। इसके पश्चात रविवार 25 जनवरी को ग्राम में बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिवराम कोवाची द्वारा मूल धर्म में लौटने का निर्णय लेने की बात कही गई। ग्रामीणों के अनुसार बैठक में सभी को आमंत्रित किया गया था, किंतु कुछ व्यक्ति बैठक में उपस्थित नहीं हुए। ग्रामीणों ने आगे आरोप लगाया कि बाद में गाली-गलौज एवं मारपीट के झूठे आरोप लगाए गए, जिससे गांव का माहौल बिगड़ने की आशंका बनी हुई है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उक्त नामजद व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। थाना प्रभारी कोडेकुर्सी द्वारा आवेदन प्राप्त कर जांच का आश्वासन दिया गया है।

## कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संदेश शीर्षक से प्रचार पत्र किया प्रकाशित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहादत दिवस के अवसर पर जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाने के उद्देश्य से मनरेगा बचाओ संदेश शीर्षक नाम पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने एक आठ पृष्ठों की प्रचार पत्र प्रकाशित किया है।

कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने बताया कि उक्त प्रचार पत्र में मुख्य रूप से मनरेगा कानून और मोदी सरकार द्वारा लाया गया नए जी रामजी कानून का तुलनात्मक विश्लेषण कर दिखाया गया की किस तरह से मोदी के नया जीरामजी कानून ग्रामीण जनता की रोजगार की गारंटी को खत्म कर ग्रामीण परिवारों को बेरोजगारी की ओर धकेल देगी। इस प्रचार पुस्तिका में इसका भी विश्लेषण किया गया है कि संघी विचारधारा के लोग क्यों गांधीजी की हत्या कर गांधीजी की आलोचना कर समाज में गांधीजी की छवि को धूमिल करना चाहते है। प्रकाशित प्रचार पुस्तिका के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रचार पुस्तिका में गांधी जी के विचार, राष्ट्रीय आंदोलन में गांधी की योगदान, आरएसएस के बारे में गांधी की नजरिया, गांधी के हत्या के बाद सरदार पटेल द्वारा गोलवलकर को लिखी गई पत्र, गांधी के नजर में हिंदू धर्म और रामराज्य का क्या मतलब इसका भी विस्तार से आलेखों को सूत्रबद्ध किया गया है। कांग्रेसी नेता ने कहा कि सन 1948 में दक्षिणपंथी हिंदुत्ववादी संगठनों ने गांधीजी की हत्या किया था और वर्तमान दौर में वही संगठन गांधीजी के विचारधारा पर ही हमला कर रही है। इस दौर में जब समाज में हिंसा, नफरत और तनाव का वातावरण कायम करने की सुनियोजित कोशिश की जा रही हो ऐसे समय पर गांधीजी और अधिक प्रासंगिक हो जाते है। उन्होंने कहा कि गांधी जी राष्ट्र पिता है और राष्ट्र पिता का हत्या और अपमान करने वाले आज स्वयं को राष्ट्रवादी घोषित कर अपने कलंक को छिपाने की कोशिश कर रहे है। प्रचारपत्र को प्रकाशित किया गया है और अब इसे जनता के बीच वितरित की जाएगी ताकि नए पीढ़ी देश की वास्तविक इतिहास से रूबरू हो सके।

## मेला देखने गए युवक से की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तराई घोटिया में मेला देखने गए युवक के साथ मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

शिकायत दर्ज कराने पहुंचे ग्राम दमकसा निवासी 27 वर्षीय शिवकुमार आंचला पिता सगनू राम आंचला ने पुलिस को बताया कि किसानी का काम करता हूं और 29 जनवरी को अपने साथी अनिल कुमार तोप्पो, जितेन्द्र मंडावी के साथ ग्राम तराई घोटिया में मंडई मेला देखने गया था। शाम 6 बजें ग्राम तराई घोटिया का लोकेश यादव अनावश्यक मेरे पेट को लात से मारा, जिसे क्यों मारा बोलने पर गाली देते हुए पास मे पड़ा ईटा से मेरे बांए आंख के पास मारा। वहां पर



मौजूद मेरे साथियों ने बीच बचाव किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लोकेश यादव के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## नवसाक्षरों में शिक्षा जागरूकता के लिए उल्लास मेले का आयोजन

**कांकेर।** जिले में असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जनवरी को जिले के सातों विकासखंड के सभी गांवों में उल्लास मेला का आयोजन किया गया। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों को सशक्त बनाना है, जिन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं की है। विधानसभा भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी द्वारा ग्राम सेलेगांव में उल्लास मेला का निरीक्षण करके सभी नवसाक्षरों को प्रेरित करते हुए जिला को पूर्ण साक्षर बनाने की बात कही। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन की शुरुआत की वर्ष 1988 में की गई तो लोगों की शैक्षिक भागीदारी और सहयोग पर आधारित थी, जिसके फलस्वरुप देश में 2011 के दौरान महिलाओं के बीच साक्षरता सहित संपूर्ण साक्षरता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि



26 जनवरी को जिले के सभी ग्राम पंचायत में उल्लास मेला का आयोजन किया गया। इसी दिन ग्राम पंचायत में युद्ध स्तर पर घर-घर जाकर सर्वे का कार्य सार्वजनिक रूप से असाक्षर एवं स्वयंसेवी शिक्षक की पहचान कर घोषित किया गया है। इसी क्रम में जिला जेल में बंद कैदियों तथा आत्म समर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों को उल्लास मेला में शामिल किया गया।

## बाइक चालक की लापरवाही से दो घायलों में एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लापरवाही पूर्वक बाइक चालने से अन्य बाइक में सवार दो लोग बाइक समेत जमीन पर गए। गिरने से दोनो को चोट आई। एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया। पीड़ित बाइक के चालक ने अज्ञात के खिलाफ वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाने का शिकायत दर्ज कराया।

थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे कोरर थानांतर्गत ग्राम भैसाकन्हार निवासी भुवन लाल करबगिया पिता देवी लाल करबगिया ने पुलिस को बताया कि 21 नवंबर को अपने दोस्त त्रिलोचन भुआर्य के साथ मेरे बड़े पिता के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 2493 में सवार होकर अपने गांव से कांकेर त्रिलोचन को बस स्टैड कांकेर छोड़ने आया था। त्रिलोचन को बस स्टैड में छोड़कर वापस मै अपने गांव जा रहा था। उसके बाद त्रिलोचन मुझे फोन किया और मुझे लेने वापस आओं बोलने पर मै त्रिलोचन लेने वापस कांकेर बस स्टैड गया। उसे मोटर सायकल में बिठाकर वापस अपने घर जा रहा था तभी साकेत नगर जाने वाले रास्ते के पास गोविंदपुर में शाम करीबन 5 बजे अज्ञात मोटर सायकल का चालक बिना इंटीकेटर जलाए लापरवाही पूर्वक अपने मोटर सायकल को लहराते हुए हमारे सामने से गुजारा, जिससे मेरा ध्यान भटक गया व मेरा वाहन अनियत्रित हो गया। हम लोग मोटर सायकल सहित रोड पर गिर गए, जिससे चोट आया। त्रिलोचन भुआर्य बेहोश हो गया। राहगिरों कि मदद से त्रिलोचन को जिला अस्पताल पहुंचाया। चोट अधिक होने के कारण घायल को हायर सेंटर रिफर किया गया था। इलाज में व्यस्त होने के कारण शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411